बरेली, मंगलवार
28 अक्टूबर, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 1+4=20

दैनिक जागरण

PAGE NO : VI MIDDLE

# टी-20 प्राइज मनी वुमन क्रिकेट टूर्नामेंट आज से

## विजेता टीम को ट्राफी के साथ मिलेगा 25 हजार रुपये का नकद पुरस्कार, तैयारी पूरी

जागरण संवाददाता, बरेली : महिलाओं में खेल भावना को बढ़ावा देने व क्रिकेट के प्रति रुचि विकसित करने के उद्देश्य से एसआरएमएस ट्रस्ट की ओर से पहली बार श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी वुमन क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन होगा। यह टूर्नामेंट 28 अक्टूबर मंगलवार से 31 अक्टूबर तक एसआरएमएस इंजीनियरिंग कालेज स्थित श्रीराम मूर्ति क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। टूर्नामेंट में दिल्ली, देहरादून, हल्द्वानी व एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी की टीमें भाग लेंगी।

ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति ने बताया कि टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच मंगलवार सुबह नौ बजे एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी और दिल्ली वुमन्स टीम के बीच खेला जाएगा। प्रत्येक दिन दो मैच होंगे। सभी टीमें एक-दूसरे से एक-एक मैच खेलेंगी। अंक तालिका में शीर्ष दो टीमों के बीच 31 अक्टूबर को सुबह नौ बजे फाइनल मुकाबला होगा। विजेता टीम को ट्राफी के साथ 25,000 रुपये, उपविजेता को



जानकारी देते एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति • सौ. स्वयं

15,000 रुपये, जबकि प्लेयर आफ द टूर्नामेंट को 5,000 रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। इसके अलावा बेस्ट बैट्समैन और बेस्ट बालर को 2,500-2,500 रुपये के साथ ट्राफी प्रदान की जाएगी। हर मैच में प्लेयर आफ द मैच को भी ट्राफी से सम्मानित किया जाएगा। टूर्नामेंट के सभी मैचों का सीधा प्रसारण एसआरएमएस ट्रस्ट के यूट्यूब चैनल पर देखा जा सकेगा।